प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 17.09.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने विश्वकर्मा जयंती पर लखनऊ में एमएसएमई इकाइयों को पचास हजार करोड़ रुपये का ऋण किया वितरित।
2. मुख्यमंत्री ने आज वाराणसी में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का किया शुभारंभ : उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और बृजेश पाठक ने लखनऊ में किया श्रमदान।
3. केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एनपीएस वात्सल्य योजना की कल करेंगी शुरुआत : प्रदेश के छह जनपदों में आयोजित होगा कार्यक्रम।
4. केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने आज बुलंदशहर में सामाजिक अधिकारिता शिविर का किया शुभारंभ। और
5. प्रदेश सरकार एक अक्टूबर से शुरू करेगी मोटे अनाज की खरीद : किसानों का पंजीकरण और नवीनीकरण जारी, बिना पंजीकरण नहीं बेच पाएंगे फसल।

———————

प्रदेश में आज हर्षोल्लास के साथ विश्वकर्मा जयंती मनाई जा रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ में एमएसएमई इकाइयों को पचास हजार करोड़ रुपये का ऋण और हस्तशिल्पियों व कारीगरों को टूलकिट

वितरण की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के परंपरागत उत्पादों को पिछले सात वर्षों में फिर से नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में जिन योजनाओं को प्रदेश में शुरू किया गया, वह आज लाखों लोगों के लिए रोजगार का जरिया बन गई हैं। बाइट......

*प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन में हम लोगो ने जिन योजनाओं को दो हजार अठारह में दो हजार उन्नीस में प्रारंभ किया। वे योजनाएं आज देश के अंदर एक लोकप्रिय योजना न केवल बनी है बल्कि लाखों लोगो के लिए रोजगार और उत्तर प्रदेश और देश की अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने में एक भूमिका का निर्वहन कर रहे हैं।*

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज वाराणसी में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का शुभारंभ किया। साथ ही विश्वकर्मा जयंती पर पीएम विश्वकर्मा योजना के लाभार्थियों को इ–बाउचर, प्रशिक्षण प्रमाण पत्र और लोन के चेक प्रदान किए। उन्होंने बटन दबाकर वाराणसी के 104 परिषदीय विद्यालयों में आईआईटी चेन्नई के सहयोग से विद्या शक्ति योजना का शुभारंभ किया। साथ ही एक हजार 143 परिषदीय विद्यालयों में स्मार्ट क्लास का लोकार्पण किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी ने 2014 के बाद बदली हुई काशी को देखा है। जैसे काशी बदली है, वैसे ही देश–उत्तर प्रदेश में भी बदलाव आया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वच्छता के बहुत आग्रही हैं। बाइट.........

*प्रधानमंत्री मोदी जी स्वच्छता के बहुत आग्रही है और मुझे लगता है कि स्वच्छ भारत मिशन ने लोगों के जीवन में व्यापक परिवर्तन लाया है। ये हमारे जीवन का हिस्सा बने। हम में से हर व्यक्ति शिक्षाग्रही बने। इस अभियान का हिस्सा बने। इसको निरंतरता देने वाले बने। ये हमारा राष्ट्रीय मिशन बनना चाहिए। जीवन का हिस्सा बनना चाहिए। कोई सार्वजनिक स्थल हो, कोई आस्था का केंद्र हो, कोई सार्वजनिक मार्ग हो, रेलवे स्टेशन हो या कोई भी स्थान हम वहां पर स्वयं गंदगी भी न करें और न किसी को गंदगी करने दे। अगर कोई करता है तो हम उसको बोलें। मुझे लगता है कि स्वच्छ भारत मिशन की सफलता जनता जनार्दन की सहभागिता और स्वेच्छााग्रियों के समर्पण पर निर्भर करता है।*

———————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आज 74वां जन्मदिन है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वाराणसी में हवन कर प्रधानमंत्री के उत्तम स्वास्थ्य और दीर्घायु के लिए प्रार्थना की। साथ ही मंदिर परिसर में 74 किलो के लड्डू का प्रसाद वितरित किया। मुख्यमंत्री ने वाराणसी में रक्तदान शिविर का भी शुभारंभ किया। साथ ही स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नमो प्लॉगथॉन और स्वच्छता वॉलिंटियर्स को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्यमंत्री न लखनऊ में प्रधानमंत्री मोदी के जीवन पर आधारित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संघर्षों से बढ़कर अपना मार्ग बनाया, राष्ट्र के प्रति प्रेम, समर्पण और ईमानदारी उनके

जीवन का हिस्सा है। यही वजह है कि पिछले 10 वर्ष में हमने बदलते भारत को देखा है।

——————————

केंद्रीय सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने आज कहा कि सरकार ने विभिन्न सड़क और राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण से निकलने वाले प्रदूषणकारी तत्वों से पर्यावरण के संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। गाजियाबाद में स्वभाव स्वच्छता – संस्कार स्वच्छता अभियान पर एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्री गडकरी ने यात्रियों और ऑटोमोबाइल कंपनियों से स्थायी प्रथाओं को अपनाने और वैकल्पिक, हरित ईंधन जैसे सीएनजी, हरित हाइड्रोजन और जैव–इथेनॉल का उपयोग करने का आह्वान किया। श्री गडकरी ने राज्य मंत्री अजय टम्टा और हर्ष मल्होत्रा के साथ एक पेड़ माँ के नाम के तहत एक पौधा भी लगाया।

——————————

17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाले स्वच्छता पखवाड़े के तहत आज प्रदेश में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने लखनऊ के बालागंज और बृजेश पाठक ने चारबाग मेट्रो स्टेशन के बाहर सफाई कर स्वच्छता अभियान के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाई। प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश

खन्ना ने लखनऊ में डूडा कॉलोनी और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने डालीगंज मं श्रमदान किया।

——————————

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एनपीएस–वात्सल्य योजना की कल शुरूआत करेंगी। प्रदेश के छह जनपदों समेत 75 स्थानों पर इस योजना को लांच किया जायेगा। प्रदेश की राजधानी लखनऊ समेत अयोध्या, सहारनपुर, लखीमपुर खीरी, देवरिया और संभल कार्यक्रम से वर्चुअली जुड़ेंगे। इस मौके पर योजना से जुड़ने वाले नाबालिग सदस्यों को स्थायी सेवानिवृत्ति खाता संख्या–प्रान कार्ड भी जारी किये जायेंगे। साथ ही योजना से जुड़े अनिवार्य दिशा–निर्देश भी जारी किये जायेंगे। गौरतलब है कि वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जुलाई में वित्त वर्ष 2024–25 का पूर्ण बजट पेश करते समय इस योजना को शुरू करने की घोषणा की थी।

——————————

ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————————

केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार ने आज बुलंदशहर में सामाजिक अधिकारिता शिविर का शुभारंभ किया। इस अवसर पर डॉ. वीरेंद्र कुमार ने वर्चुअली देश के 75 आकांक्षी ब्लॉकों में आयोजित हो रहे शिविरों का भी शुभारंभ किया। इन शिविरों का उद्देश्य दिव्यांगजनों को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाना है, जिसके अंतर्गत नौ हजार से अधिक पूर्व–चिह्नित दिव्यांग लाभार्थियों को एडिप योजना के तहत विभिन्न श्रेणियों के निःशुल्क सहायक उपकरण प्रदान किए गए। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत सरकार की ओर से छात्रवृत्ति योजना के तहत ढाई लाख से अधिक दिव्यांग विद्यार्थियों को करोड़ों रुपये की छात्रवृत्ति दी गई है, इससे प्रदेश के काफी युवाओं को लाभ हुआ है। उन्होंने बताया कि जन्म से मूक–बधिर बच्चे, जिनकी आयु 5–6 वर्ष है, उनके लिए सरकार ने कोक्लियर इमप्लान्ट की योजना लागू की है, जिसके तहत 6 लाख तक का सहयोग सरकार की ओर से किया जाता है। इसके अतिरिक्त केंद्रीय मंत्री ने स्वच्छता पखवाड़े के दृष्टिगत समारोह में उपस्थित सभी लोगों को स्वच्छता की शपथ भी दिलवाई।

——————————

प्रदेश में सरकार मोटे अनाज की खरीद एक अक्टूबर से शुरू करेगी, जो 31 दिसंबर तक चलेगी। सरकार की

ओर से श्रीअन्न में शामिल मक्का, बाजरा और ज्वार की खरीद के लिए किसानों का पंजीकरण और नवीनीकरण चल रहा है। खाद्य और रसद विभाग के मुताबिक, इसके लिए किसानों का एफसीएस डॉट यूपी डॉट जीओवी डॉट इन या यूपी किसान मित्र ऐप पर पंजीकरण कराना अनिवार्य है। श्रीअन्न को बढ़ावा देने के साथ ही सरकार ने इसका न्यूनतम समर्थन मूल्य भी बढ़ाया है। मक्का का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2 हजार 225 रुपये प्रति कुंतल, बाजरा का 2 हजार 625 रुपये प्रति कुंतल, ज्वार–हाइब्रिड का 3371 और ज्वार मालवांडी का 3 हजार 421 रुपये प्रति कुंतल निर्धारित किया गया है। किसान अपनी किसी भी समस्या के लिए पूर्व में जारी टोल फ्री नंबर एक आठ शून्य शून्य एक आठ शून्य शून्य एक पांच शून्य से मदद ले सकते हैं।

———————————

फिरोजाबाद में सोमवार रात एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट होने से एक बच्चे और एक महिला समेत पांच लोगों की मौत हो गई। इस घटना में 8 से अधिक लोग घायल हो गये, जिनमें से तीन को हालत गंभीर होने पर आगरा रेफर किया गया है। धमाका इतना जोरदार था कि आसपास के नौ मकान बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी मृतकों को चार–चार लाख रुपये की आर्थिक सहायता देने का आदेश दिया है।

———————————

बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण प्रदेश में कई नदियों का जलस्तर खतरे के निशान के ऊपर पहुंच गया है। गंगा नदी बदायूं, फर्रुखाबाद, गाजीपुर, बलिया और घाघरा नदी बाराबंकी, अयोध्या और बलिया में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। वहीं गंगा नदी वाराणसी, कानपुर देहात और शारदा नदी लखीमपुर खीरी में खतरे के निशान से महज आधा मीटर नीचे है। नदियों का जलस्तर बढ़ने से प्रदेश के 21 जनपदों में बाढ़ जैसे हालात है।

(समाप्त)